# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 30 अक्टूबर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना सिकन्द्राबाद**

## गैंगस्टर/चोरी की घटना में वांछित शातिर बदमाशों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 29/30.10.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा जेवर अड्डे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर ककोड़ रोड की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो कुछ दूरी पर अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया तथा अन्य बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिसकी काम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घायल बदमाश की पहचान जावेद पुत्र अतीक निवासी मौहिउद्दीनपुर डबारसी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी सिकन्द्राबाद में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के गैंगस्टर/चोर अपराधी हैं। जिसके द्वारा थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र से दिनांक 13.07.2025 को एक बाइक चोरी की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 698/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है तथा उक्त बदमाश पर थाना सिकन्द्राबाद में पंजीकृत मुअसं-797/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- जावेद पुत्र अतीक निवासी मौहिउद्दीनपुर डबारसी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद।

**बरामदगी-**

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 बाइक स्प्लेन्डर चोरी की (UP13-BZ-6632)

**गिरफ्तार अभियुक्त जावेद का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं- 586/2024 धारा 317(2) 317(4) 317(5) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं- 797/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं- 253/2024 धारा 379 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
4. मुअसं- 344/2024 धारा 379 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 382/2024 धारा 379 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
6. मु0 अ0सं0 424/2024 धारा 379 भादवि थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
7. मुअसं-479/2024 धारा 380 भादवि थाना सिकन्द्रबाद जनपद बुलन्दशहर।
8. मुअसं- 494/2024 धारा 303(2)/117(2) बी.एन.एस. थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
9. मुअसं- 578/2024 धारा 303(2)/317(2) बी एन एस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 नीरज शर्मा, उ0नि0 दर्पण चौधरी, उ0नि0 निखिल सोलंकी
3. है0का0 परवेश कुमार, है0का0 भूपेन्द्र कण्डू, है0का0 अंकित शर्मा, का0 कान्ता प्रसाद।






**मीडिया सेल बुलन्दशहर**